# सरयू नदी में बाढ़

## चर्चा में क्यों

हाल ही में **सरयू नदी** में आई बाढ़ के कारण उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले में गंभीर आपदा की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे परिवहन और स्थानीय समुदाय प्रभावित हुए।

## मुख्य बिंदु

- **सरयू नदी**
  - सरयू एक नदी है जो **उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश** से होकर बहती है।
  - इस नदी का प्राचीन महत्त्व है क्योंकि इसका उल्लेख **वेदों** और **रामायण** में मिलता है।
  - यह नदी **करनाली और महाकाली** नदियों के संगम पर बनती है । यह **गंगा** नदी की एक सहायक नदी है ।
- **बलिया ज़िला**
  - बलिया उत्तर प्रदेश के सुदूर उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है, जिसकी सीमा **मऊ, देवरिया, बिहार और गाज़ीपुर** से लगती है, तथा यह गंगा और **घाघरा नदियों के संगम पर स्थित** है ।
  - यह शहर **वाराणसी** से 135 किलोमीटर दूर है**,** गंगा नदी **बलिया को बिहार से अलग करती है, और घाघरा नदी इसे देवरिया से अलग** करती है।
  - एक मान्यता यह है कि शहर का नाम ऋषि **वाल्मीकि** के नाम पर रखा गया है**,** जिनके बारे में माना जाता है कि वे यहीं रहते थे, हालाँकि उनका मंदिर अब मौजूद नहीं है।
  - एक अन्य मान्यता के अनुसार इसका नाम स्थानीय मिट्टी **'बलुआ' (रेतीली मिट्टी) से जुड़ा है,** शहर का मूल नाम 'बालियान' था, जो बाद में बदलकर 'बलिया' हो गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/flooding-in-saryu-river